# एमएसएमई–विकास संस्थान, जयपुर द्वारा दिनांक 27–09–2016 को 10वीं राज्य स्तरीय सलाहकार बोर्ड की बैठक का कार्यवृत्त

एमएसएमई–विकास संस्थान, जयपुर से सम्बद्ध राज्य स्तरीय सलाहकार बोर्ड की 10वीं बैठक का आयोजन श्री राजीव स्वरूप, प्रमुख शासन सचिव (एसएसआई एवं के.वी.आई.), राजस्थान सरकार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक का प्रारम्भ अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा सभी आमंत्रित सदस्यों के स्वागत से हुआ।

तत्पश्चात् निम्नांकित बिन्दुओं पर चर्चा की गई ।

1. संस्थान के अधिकारी द्वारा सर्वप्रथम एमएसएमई–डीआई, जयपुर द्वारा आयोजित/क्रियान्वित विभिन्न स्कीम/प्रोग्रामों का प्रजेन्टेशन दिया गया ताकि समस्त सदस्यों को इसकी जानकारी, उद्धेश्य एवं उपलब्धियों से अवगत करवाया जाये तथा तत्पश्चात् इस बारे में विश्लेषण करने हेतु सभी संलग्न कार्यालयों/संगठनों/व्यक्ति आदि के सुझाव लिये जायें तथा अनुमोदन हेतु अध्यक्ष महोदय को प्रस्तुत किये जाये। इस क्रम में एमएसएमई–विकास संस्थान, जयपुर के माध्यम से चलाई जा रहे मार्केटिंग असिसटेन्स एण्ड टेक्नीकल अपग्रेडेशन (माटू), डिजाईन क्लीनिक, क्लस्टर विकास कार्यक्रम इत्यादि की उपलब्धियों की जानकारी दी । टेक्नोलोजी अपग्रेडेशन (टेकअप) एवं लीन मेन्यूफैक्चरिंग स्कीम पर चर्चा करते हुए अध्यक्ष महोदय ने राजस्थान की प्रगति की राष्ट्रीय स्तर पर तुलना कर विशलेषण करने की आवश्यकता व्यक्त की। अंतराष्ट्रीय मेलों में भाग लेने हेतु फोरहेक्स (औद्योगिक संगठन) ने प्रक्रिया को सरल करने हेतु आवश्यकता व्यक्त की। निदेशक एमएसएमई–विकास संस्थान ने बताया कि जल्दी ही ये योजनाऐं माई एमएसएमई पोर्टल व मोबाईल एप के द्वारा ऑनलाईन उपलब्ध हो जायेंगी जिससे आवेदन एवं अनुमोदन की प्रक्रिया न केवल सरल होगी बल्कि उनका निस्तारण भी तुरंत हो सकेगा।

**कार्यवाही – एमएसएमई–विकास संस्थान**

2. सीजीटी – एमएसई के तहत दिये गये ऋण के संदर्भ सिडबी द्वारा दिये गये आंकड़ो के आधार पर अध्यक्ष महोदय ने कहा कि दिये गये ऋण का औसत (लगभग 5 लाख) उद्योग स्थापित करने हेतु पर्याप्त नहीं है। इसके विश्लेषण की आवश्यकता है व राजस्थान के आकड़ों का तुलनात्मक अध्ययन भी सम्पूर्ण भारत के संदर्भ में किया जाना चाहिये।

**कार्यवाही – सिडबी**

....2

3. अध्यक्ष द्वारा रीको विभाग से आये अधिकारी से जानना चाहा गया कि किसी नई उद्योग इकाई स्थापित करने से पूर्व उद्योग आधार मेमोरेण्डम (यूएएम) की अनिवार्यता हेतु कोई गाईडलाइन है जिसके तहत नये उद्योगों से उत्पादन पूर्व ही यूएएम की मांग की जाती हो, क्योंकि यह तर्क संगत नहीं लगता है और यदि ऐसा आवश्यक हो तो इन गाइडलाइन्स में आवश्यक सुधार किय जाने चाहिये। इस बारे में उपाध्यक्ष महोदय ने विचार रखा कि यूएएम में प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन करने की सुविधा दी जानी चाहिये जो उत्पादन के पश्चात् स्थाई पंजीयन में परिवर्तित हो सके। साथ ही उद्योग आयुक्त महोदय ने एमएसएमई डेटा बैंक के सरलीकरण की आवश्यकता बताई।

**कार्यवाही – उद्योग विभाग, राजस्थान सरकार एवं रीको**

तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया कि अगली बैठक के दौरान सभी स्कीम एवं प्रोग्राम पर संबंधित कार्यालय न केवल डाटा प्रस्तुत करें बल्कि उसका विश्लेषणात्मक पक्ष भी प्रस्तुत करें ताकि इस बारे में सदस्यों द्वारा अधिक गुणात्मक सुझाव प्राप्त किये जा सकें तथा उसका अनुमोदन एमएसएमई–विकास संगठन (भारत सरकार) को किया जा सके ताकि भारत सरकार इस आधार पर नई स्कीम बनाने हेतु तथा वर्तमान स्कीम/प्रोग्राम में आवश्यकतानुसार परिवर्तन का समावेश किया जा सके।

अध्यक्ष महोदय ने यह भी विचार रखा कि इस बैठक का महत्व बहुत प्रासंगिक है, अतः वर्ष में अधिक संख्या में इन बैठकों का आयोजन किया जाना चाहिये साथ ही यह भी सुझाव दिया कि स्कीम/प्रोग्रामों की संख्या अधिक है, अतः सभी स्कीम/प्रोग्रामों को विषयानुसार समूहों में अलग–अलग बैठक में लिया जाना चाहिये ताकि विस्तार के साथ उन पर चर्चा की जा सके।

इस बारे में संस्थान के निदेशक ने आवश्यक कदम उठाते हुए विकास संस्थान के अधिकारियों को सभी स्कीम/प्रोग्राम के बारे में डाटा संग्रहण तथा उनका विश्लेषण करने हेतु संबंधित कार्यालयों से सम्पर्क करने के निर्देश जारी किये हैं ताकि अगली बैठक में उन पर अधिक विश्लेषण करने हेतु चर्चा की जा सके। निदेशक द्वारा यह भी निर्देश दिये गये है कि सभी स्कीम/प्रोग्राम के बारे में लाभार्थी एवं उद्योग संगठनों से भी फीडबैक लिया जाये ताकि सभी स्कीमों की प्रभावशीलता का भी बैठक में सुझाव लेने हेतु समावेश किया जा सके।

अंत में धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक का समापन हुआ।

बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची अनुलग्नक ''अ'' में तथा अनुपस्थित सदस्यों की अनुलग्नक ''ब'' पर दी गयी है।

––

अनुलग्नक–''अ''

# दिनांक 27 सितम्बर, 2016 को संस्थान के सभागार में आयोजित 10वीं राज्य स्तरीय सलाहकार बोर्ड की बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री राजीव स्वरूप, आई.ए.एस.,<br>प्रमुख शासन सचिव (एमएसएमई एण्ड केवीआई),<br>राजस्थान सरकार,जयपुर | अध्यक्ष |
| 2. | श्री अजिताभ शर्मा, आई.ए.एस.<br>उद्योग ऑयुक्त, उद्योग विभाग,<br>राजस्थान सरकार, जयपुर | उपाअध्यक्ष |
| 3. | श्री एस.एल. पालीवाल, उपनिदेशक<br>श्री आर.के. नागर, सहा. निदेशक,<br>उद्योग विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर | सदस्य |
| 4. | श्री डी.डी. माहेश्वरी,<br>वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, एनएसआईसी, जयपुर | सदस्य |
| 5. | श्री शिव प्रकाश,<br>साईटिंस्ट, भारतीय मानक ब्यूरो, जयपुर | सदस्य |
| 6. | श्री आर.के.गुप्ता, महाप्रबंधक एवं<br>श्री आर.के. मिश्रा, उप महा प्रबंधक, रीको, जयपुर | सदस्य |
| 7. | श्री ए.पी. माथुर,<br>जनरल मैनेजर, आरएफसी, जयपुर | सदस्य |
| 8. | श्री ए.के. सिंह,<br>सहा. महा प्रबंधक, राजसीको, जयपुर | सदस्य |
| 9. | श्री एल.के. महापात्रा,<br>उप महा प्रबंधक, सिडबी, जयपुर | सदस्य |
| 10. | श्री जे.के. वर्मा, उपप्रबंधक एवं<br>श्री राजेश अरोड़ा, सहायक,<br>राज.अजा/अजजा कार्पोरेशन, जयपुर | सदस्य |
| 11. | श्री जयेश सिंघवी,<br>मैनेजर, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति,<br>बैंक आफ बड़ौदा, जयपुर | सदस्य |
| 12. | श्री एस. चक्रपाणी,<br>साह.महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक, जयपुर | सदस्य |
| 13. | श्री लक्ष्मीधर यादव,<br>मुख्य प्रबंधक, स्टेट बैंक आफ इंडिया, जयपुर | सदस्य |

| | |
|---|---|
| 14. श्रीमती मंजू गुप्ता,<br>मुख्य प्रबंधक,<br>स्टेट बैंक आफ बीकानेर एण्ड जयपुर, जयपुर | सदस्य |
| 15. श्री सी.आर. मीना,<br>साईंटिस्ट, आईआईक्यूएम, जयपुर | सदस्य |
| 16. डॉ0 प्रवीण कुमार,<br>महाप्रबंधक, आरएसएलडीसी, जयपुर | सदस्य |
| 17. श्री अवधेश भारद्वाज,<br>डीन, एमएनआईटी, जयपुर | सदस्य |
| 18. श्री चिंतन बख्शी,<br>चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, स्टार्टअप प्रोसेस, जयपुर | सदस्य |
| 19. श्री संजीव कुमार,<br>सहा. महाप्रबंधक, रीफ, जयपुर | सदस्य |
| 20. श्री भव्य सोनी एवं सुश्री रोहिणी शर्मा,<br>सहा.प्रोफेसर, पोद्धार प्रबंध संस्थान, जयपुर | सदस्य |
| 21. श्री अरूण अग्रवाल, सीनीयर वॉयस प्रेसीडेन्ट<br>श्री चोथमल बेगरिया, प्रेसीडेन्ट एवं<br>श्री मनोह गोयल, मेम्बर, फोर्टी, जयपुर | सदस्य |
| 22. श्री एस.के.गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी<br>फोरहैक्स, जयपुर | सदस्य |
| 23. श्री मुकेश शर्मा, निदेशक एवं<br>श्री कैलाश, मैनेजर, कॉन्स, जयपुर | सदस्य |
| 24. श्री अमोल कुलकर्णी,<br>सीनीयर पॉलिसी एनेलिस्ट, कट्स, जयपुर | सदस्य |
| 25. श्री अजय गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर<br>कामटेक एसोसिएट्स, जयपुर | सदस्य |
| 26. श्री राजनाथ सिंह, मैजनेजर<br>बिट्रोमेट हेल्थकेयर, जयपुर | सदस्य |
| 27. श्री एम.के. सारस्वत,<br>निदेशक,<br>एमएसएमई–विकास संस्थान, जयपुर | सदस्य सचिव |

अनुलग्नक–''ब''

**दिनांक 27 सितम्बर, 2016 को संस्थान के सभागार में आयोजित 10वीं राज्य स्तरीय सलाहकार बोर्ड की बैठक में अनुपस्थित सदस्यों की सूची**

1. निदेशक, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, जयपुर
2. अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती, जयपुर
3. निदेशक, केवीआईसी, जयपुर
4. ऑयुक्त, महिला सशक्तिकरण निदेशालय, जयपुर
5. प्रेसीडेन्ट, गीयर, जयपुर
6. प्रेसीडेन्ट, फिक्की, जयपुर
7. चेयरमेन, सीआईआई, जयपुर

........

**संस्थान के विशेष आमंत्रित अधिकारी**

1. श्री विकास गुप्ता,
   उप निदेशक, एमएसएमई–विकास संस्थान, जयपुर

2. श्री एम.के. मीना,
   उप निदेशक,एमएसएमई–विकास संस्थान, जयपुर

3. श्री प्रदीप ओझा
   उप निदेशक,एमएसएमई–विकास संस्थान, जयपुर

4. श्री नरेश मनवाटकर,
   सहायक निदेशक प्रभारी, एमएसएमई–परीक्षण केन्द्र, जयपुर

5. श्री मेघनाथ,
   सहायक निदेशक,एमएसएमई–विकास संस्थान, जयपुर

6. श्री दिनेश चन्द,
   सहायक निदेशक, एमएसएमई–विकास संस्थान, जयपुर

7. श्री मधुकर शर्मा,
   सहायक निदेशक, एमएसएमई–विकास संस्थान, जयपुर

..........